प्रेस विज्ञप्ति

श्री रामावतार शर्मा, महालेखाकार (लेखापरीक्षा), बिहार की अध्यक्षता में 5वीं राज्य लेखापरीक्षा सलाहकार समिति (रा0ले0प0स0स0), बिहार की प्रथम बैठक दिनांक 17 सितम्बर 2021 को कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) बिहार, पटना के सभा कक्ष में आयोजित की गयी जिसमें निम्नलिखित मनोनीत मानद् बाह्य सदस्यों ने हिस्सा लिया :-

1. प्रो0 प्रभात कुमार सिंह, निदेशक, अ0भा0आ0सं0 (एम्स) पटना,
2. श्री रामेश्वर सिंह, से0नि0 भा0प्र0से0
3. डॉ0 अशोक कुमार घोष, अध्यक्ष, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
4. प्रो0 डी0 एम0 दिवाकर, निदेशक एवं प्राध्यापक (अर्थशास्त्र), शोध एवं विकास संस्थान, जालसेन
5. श्री समीर झा, शिक्षा प्रमुख, आगा खान फाउन्डेशन, पटना
6. श्री राजेश झा, कार्यपालक निदेशक, द सेन्टर फॉर हेल्थ पॉलिसी, आद्री, पटना (ऑनलाईन)
7. श्री सतीश कुमार सिंह, संपादक, दैनिक भास्कर, बिहार (ऑनलाईन)
8. सुश्री अख्तरी बेगम, सचिव, इजाद एन0जी0ओ0, पटना

इसके साथ ही पटना स्थित भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग के निम्नलिखित वरिष्ठ अधिकारियों / समिति के पदेन सदस्यों ने इस बैठक में भाग लिया।

1. श्री प्रवीण कुमार सिंह, प्रधान महालेखाकार (ले0 एवं हक0), बिहार
2. श्री अभिषेक सिंह, वरीय उप महालेखाकार (प्रशासन एवं ए0एम0जी0–III)
3. श्री शिव शंकर, उप महालेखाकार (ए0एम0जी0–V)
4. श्री मनमीत कुमार, उप महालेखाकार (लेखा, भी0एल0सी0 एवं कार्य)
5. सुश्री पुष्पलता, उप महालेखाकार (ए0एम0जी0–II) सह पदेन सचिव, राज्य लेखापरीक्षा सलाहकार समिति, बिहार

इस समिति का उद्देश्य लेखापरीक्षा कार्यालय के वरिष्ठ प्रबंधन एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ एवं अनुभवी पेशेवरों के बीच चर्चा के लिए एक मंच प्रदान कर लेखापरीक्षा प्रतिवेदन सहित लेखापरीक्षा के प्रभाव में वृद्धि किया जाना है। इसका कार्य समुचित लेखापरीक्षा दृष्टिकोण और तकनीकों के बारे में सुझाव के साथ–साथ लेखापरीक्षा के आवरण, कार्यक्षेत्र एवं प्राथमिकता के बारे में सलाह देना है।

समिति की इस बैठक में लेखापरीक्षा के प्रकार, विगत पाँच वर्षो के दौरान लेखापरीक्षा में सम्मिलित मुख्य विषयों, वर्तमान लेखापरीक्षा प्रतिवेदन हेतु प्रक्रियाधीन विषयों के साथ–साथ वर्तमान लेखापरीक्षा योजना के कार्यान्वयन पर चर्चा की गई । इसके अलावे आगामी लेखापरीक्षा के संभावित विषयों पर भी समिति के सदस्यों द्वारा उपयुक्त सुझाव दिया गया। इस कम में राज्य में चल रही विभिन्न योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन पर चर्चा की गयी। समिति के सदस्यों द्वारा राज्य के स्वास्थ्य, बजट, बेसलाईन डाटा की उपलब्धता, खनन, शुद्ध पेय जल व्यवस्था, सिंचाई, प्राकृतिक संसाधनों के लेखांकन, आदि से संबंधित बिन्दुओं पर महत्वपूर्ण सुझाव दिया गया।

17/9

उप महालेखाकार सह सदस्य सचिव,
राज्य लेखा परीक्षा सलाहकार समिति, बिहार